# उत्तर प्रदेश होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होमियोपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ–226018

दूरभाष : 7607356682
मेल : registrar@hmbup.in


पत्रांक 1015 /एच0एम0बी0/ 572 /2014TC    दिनांक 22/8/22

द्वारा-बोर्ड वेबसाइट

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबंधक,
सम्बन्धित प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र / सम्मिलित कालेज,
डिप्लोमा इन होमियोपैथिक फार्मेसी (डी0एच0पी0), उत्तर प्रदेश।

विषयः–डी0एच0पी0 सत्र 2018–20 द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा की अवार्डशीट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि डी0एच0पी0 पाठ्यक्रम सम्बन्धी शैक्षणिक सत्र 2018–20 द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा, जो प्रदेश के 52 परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 24 मार्च, 2022 से 13 अप्रैल, 2022 के मध्य सम्पन्न हुई थी। उक्त प्रायोगात्मक परीक्षा सम्बन्धी अंक सूची / अवार्डशीट बोर्ड कार्यालय में सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जानी थी, परन्तु कुछ केन्द्रों द्वारा अभी तक प्रयोगात्मक परीक्षा की अवार्डषीट बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध नहीं करायी है।

2– अतः इस सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र / कालेजों / संस्थाओं से अपेक्षा की जाती है कि कृपया पत्र जारी होने की तिथि से **05** दिवस के भीतर प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धी अंक सूची / अवार्डशीट शील्ड–बन्द लिफाफे में बोर्ड कार्यालय को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

3– यह भी पुष्टि करने का कष्ट करें कि सम्बन्धित संस्था / कालेज में बोर्ड द्वारा प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त परीक्षक द्वारा ही प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी गयी है अथवा नहीं।

3– यदि सम्बन्धित प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र / कालेजों / संस्थाओं द्वारा डी0एच0पी0 सत्र 2018–20 द्वितीय वर्ष की अंक सूची / अवार्डशीट निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध नहीं कराये जाते है तो सम्बन्धित कालेज का परीक्षाफल / परिणाम घोषित नही किया जा जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तर दायित्व सम्बन्धित प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र / कालेजों के प्राचार्य / प्रबंधक का होगा।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार)
रजिस्ट्रार।